## हमसे संपर्क करें

यदि आप हमारे निःशुल्क कानूनी क्लिनिक्स अथवा सम्मेलनों में भाग लेना चाहते हैं, आपको कानूनी सहायता की आवश्यकता है, अथवा आपको किसी रोज़गार संबंधी विवाद में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया हमसे संपर्क करें।


एशियन अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (AALDEF)

99 Hudson Street, 12th Fl
New York, NY 10013
1-800-966-5946
212-966-5932
212-966-4303 (फैक्स)

info@aaldef.org
www.aaldef.org



© 2013 AALDEF



NJ-AALP Brochure - Hindi 8/2013


## AALDEF के बारे में

1974 में स्थापित, एशियन अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (AALDEF) एक राष्ट्रीय संगठन है जो एशियाई अमरीकियों के नागरिक अधिकारों का संरक्षण करता है और उन्हें बढ़ावा देता है। मुक़दमे, वकालत, शिक्षा और व्यवस्था के उपयुक्त संयोजन द्वारा, AALDEF देश भर में एशियाई अमेरिकी समुदायों के साथ मिलकर सभी के मानव अधिकारों को सुरक्षित करने का कार्य करता है।

AALDEF एशियाई अमेरिकियों को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान देता है, जिनमे शामिल हैं:

- अप्रवासियों के अधिकार,
- नागरिक भागीदारी और मतदान का अधिकार,
- श्रमिकों के लिए आर्थिक न्याय,
- सेवाओं हेतु उचित भाषा की सुलभता,
- जनगणना नीति,
- सकारात्मक कार्रवाई,
- युवाओं के अधिकार व शैक्षणिक समानता, और
- एशियाई विरोधी हिंसा, पुलिस दुराचरण, और मानव अवैध व्यापार का उन्मूलन।

AALDEF अपनी जारी गतिविधियों के लिए हर प्रकार के समर्थन का स्वागत करता है

**1974 से एशियाई अमेरिकियों के नागरिक अधिकारों की रक्षा कर रहा है**

# न्यू जर्सी एशियन अमेरिकन लीगल प्रोजेक्ट

**एशियन अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (AALDEF)**

# NJ-एशियन अमेरिकन लीगल प्रोजेक्ट के बारे में

न्यू जर्सी एशियन अमेरिकन लीगल प्रोजेक्ट (NJ-AALP), न्यू जर्सी में दिनों दिन बढ़ते हुए एशियाई अमेरिकी समुदाय की कानूनी आवश्यकताओं तथा नागरिक अधिकारों संबंधी चिंताओं की पूर्ति के लिए, एशियन अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (AALDEF) की एक पहल है।

यद्यपि, न्यू जर्सी में करीब 700,000 एशियाई अमरीकी निवास करते हैं, परंतु कानूनी सेवाएं प्राप्त करने में आने वाली सांस्कृतिक और भाषाई बाधाओं को दूर करने में उनकी सहायता के लिए बहुत कम संसाधन उपलब्ध हैं।

कई एशियाई अमरीकी कानूनी सहायता लेने में असमर्थ होते हैं क्योंकि या तो वे अच्छी तरह से अंग्रेजी बोल नहीं पाते हैं अथवा सांस्कृतिक अवरोधकों का सामना करते हैं जो उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। इसके अतिरिक्त, कई एशियाई अमेरिकियों को संयुक्त राज्य के कानून के अंतर्गत अपने कानूनी अधिकारों और उत्तरदायित्वों का ज्ञान नहीं होता है। और जो जानते हैं, वे अप्रवासन स्थिति, अपने रोज़गार, अथवा अपने परिवार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के डर से अक्सर अपने अधिकारों का उपयोग नहीं करते हैं। ऐसे कामगार जिनके पास आवश्यक कागज़ात नहीं है, विशेष रूप से असुरक्षित हो सकते हैं क्योंकि उन्हें अपने रोज़गारदाता से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष धमकियां मिलती रहती हैं कि कार्यस्थल में उल्लंघनों के बारे में शिकायत करने पर उनके बारे में अधिकारियों को रिपोर्ट कर दी जाएगी। इसके बावजूद, राज्य में बहुत कम सामुदायिक संसाधन उपलब्ध हैं जो एशियाई अमरीकियों को उनकी कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता कर सकें।

NJ-AALP, सामुदायिक शिक्षा उपलब्ध कराकर और कानूनी व्यवस्था तक पहुंचने के लिए सेतु निर्माण द्वारा, कानूनी सेवाओं में इस अंतर को पाटने का प्रयास कर रहा है।

# अपने अधिकारों को जानें!

## कामगारों के अधिकार

आपको अधिकतर **श्रम** कानूनों के अंतर्गत सुरक्षा प्रदान की गयी है - आपकी **आप्रवासन स्थिति चाहे जो भी हो**।

आपको आवश्यक रूप से NJ की न्यूनतम मजदूरी **$7.25/घंटे** का भुगतान किया जाना चाहिए।

यदि आप किसी सप्ताह में **40 घंटे से अधिक कार्य करते हैं,** आप अपने नियमित वेतन का **1.5 गुना** प्राप्त करने के हकदार हैं।

किसी रोज़गारदाता द्वारा किसी व्यक्ति के खिलाफ इस आधार पर कि वह एशियाई है, महिला है अथवा उसके धर्म अथवा राष्ट्रीयता के आधार पर **भेदभाव** किया जाना **अवैध** है।

## बेरोजगारी बीमा

अधिकांश कामगार **NJ के अनएम्प्लॉयमेंट बेनेफिट्स प्रोग्राम (बेरोज़गारी लाभ कार्यक्रम)** द्वारा संरक्षित हैं, जो बेरोज़गार और रोजगार की तलाश करने वाले कामगारों की सहायता के लिए बीमा की तरह काम करता है।

बेरोज़गारी लाभ प्राप्त करने के लिए, इनमें से एक होना चाहिए - (1) **कम से कम 20 "बेस वीक्स (सामान्य सप्ताह)"** तक काम किया हो जिसमें आपने प्रति सप्ताह $143 से अधिक कमाए हों या (2) एक **52-सप्ताह वाले** "सामान्य वर्ष" में **कम से कम $7300** कमाए हों।

प्रत्येक सप्ताह आपको प्राप्त होने वाली लाभ राशि रोज़गार के दौरान आपको प्राप्त होने वाली **औसत मजदूरी का लगभग 60% होती है।** 2010 में, लाभ राशि के रूप में आप प्रति सप्ताह **$600** तक प्राप्त कर सकते हैं।

इन लाभों के लिए आपकी पात्रता, **नौकरी छोड़ने के आपके कारणों पर भी निर्भर करती है।** उदाहरण के लिए, नौकरी से निकाले जाने पर आपको लाभ मिल सकते हैं, लेकिन बिना किसी उचित कार्य संबंधी कारण के नौकरी छोड़ने अथवा कार्य पर किसी अपराध को करने के कारण नौकरी से निकाले जाने पर ऐसा नहीं होगा।

# परियोजना सेवाएं

## नि:शुल्क कानूनी क्लिनिक

हम मासिक कानूनी क्लिनिक्स को उपलब्ध कराते हैं, जिनमें **रोज़गार अथवा आप्रवासन के मामलों पर नि:शुल्क कानूनी परामर्श** उपलब्ध कराया जाता है।

## सामुदायिक शिक्षा

हम एशियाई अमरीकियों को उनके मूलभूत कानूनी अधिकारों के बारे में बताने और शिक्षित करने के लिए **शिक्षा कार्यशालाओं और "अपने अधिकारों को जानें" संबंधी प्रशिक्षणों** का आयोजन करते हैं।

## कानूनी परामर्श

हम आपको आपकी भाषा में बात कर सकने वाले स्थानीय वकीलों और कानूनी सेवा प्रदाताओं के पास **कानूनी परामर्श** के लिए जाने की सुविधा और सहूलियत प्रदान करते हैं।

## कानूनी प्रतिनिधित्व

हम कम मजदूरी प्राप्त करने वाले एशियाई अमरीकी कामगारों को **रोज़गार संबंधी दावों** जैसे **अदत्त मजदूरी/घंटों संबंधी दावे,** और **जोखिमपूर्ण परिस्थितियों** के लिए **कानूनी प्रतिनिधित्व** उपलब्ध कराते हैं।

## सामुदायिक संगठन

हम आपको और आपके सहकर्मियों को किन्हीं देय मजदूरियों को प्राप्त करने और आपकी **कार्य संबंधी परिस्थितियों में सुधार के** लिए अपने **रोज़गारदाता के साथ आपके संघर्ष** में आपकी सहायता करेंगे।

## नीति परिवर्तन

हम **राज्य के नियमों तथा स्थानीय नीतियों**, जैसे सरकारी कार्यालयों में बेहतर भाषा संबंधी सुलभता, के लिए अपनी **आवाज उठाने में** आपकी सहायता करेंगे। यह, एशियाई अमेरिकी समुदाय के लिए अधिक जानकारी और बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायता कर सकती है।